## Demand to expedite the work related to the establishment of AIIMS at Darbhanga, Bihar

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** (बिहार): उपसभापति महोदय, मुझे सदन में बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं मिथिला की बेटी हूँ और एक सामान्य परिवार में पली-बढ़ी हूँ। मैंने गरीबी को बहुत नजदीक से देखा है। मैंने स्वयं इस पीड़ा को महसूस किया है कि कैसे पिछली सरकारों के समय में बिहार में स्वास्थ्य सेवाएँ लचर अवस्था में थीं। मैंने देखा है कि कैसे बिहार के गरीब और दलित व्यक्ति इलाज के लिए दिल्ली एम्स में परेशान होते हैं। उनको एम्स के बाहर फुटपाथ पर सोना पड़ता था, न खाने का ठिकाना होता था, न सोने का। बार-बार बिहार से दिल्ली और दिल्ली से बिहार आने-जाने में उनकी आर्थिक हालत खराब हो जाती थी। लेकिन उपसभापति महोदय, समाज के गरीब, दलित, पिछड़े और लाचार लोगों की चिन्ता करने वाले हमारे माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का मैं हृदय से धन्यवाद व्यक्त करना चाहती हूँ, क्योंकि उन्होंने बिहार में पटना के बाद दूसरा एम्स दरभंगा जिले को दिया। इससे उत्तर बिहार के करोड़ों लोगों के साथ-साथ हमारे पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कुछ क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मैं इसके लिए तत्कालीन केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री का भी आभार व्यक्त करती हूँ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से हमारी सरकार से विनम्र अनुरोध करना चाहती हूँ कि मिथिला के दरभंगा में प्रस्तावित एम्स का निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए, जिससे वहाँ की जनता को शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। साथ ही मैं आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद और आभार व्यक्त करना चाहती हूँ कि इस शानदार बजट में महिलाओं, युवाओं, गरीब, शोषित, दलित...

**श्री उपसभापति:** माननीय मैडम, जब आप बजट पर बोलिएगा, तब आप यह बोलें, प्लीज़। Thank you.

The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Ajit Kumar Bhuyan: Dr. Fauzia Khan (Maharashtra) and Dr. Sasmit Patra (Odisha).

Now, Shri Ramji; request to construct Pachpedi Ghat Bridge at Lakhimpur Khiri, Uttar Pradesh.

## Request to construct Pachpedi ghat bridge in Lakhimpur Khiri, Uttar Pradesh

**श्री रामजी** (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, मैं लखीमपुर खीरी से आता हूँ। लखीमपुर खीरी एक तराई क्षेत्र है, यह एक काफी पिछड़ा क्षेत्र भी है और यहाँ के लोग मोस्ट्ली खेती पर निर्भर करते हैं। लेकिन मान्यवर, बरसात के समय नेपाल के पानी की वजह से वहाँ बाढ़ आती है, जिससे वहाँ की 60 परसेंट आबादी प्रभावित होती है, यहाँ की फसलें जलमग्न हो जाती हैं, स्कूल, कॉलेज,